श्री मंगल सिंह : स्पीकर साहब, मेरे साथी श्री किताब सिंह को मुख्यमंत्री महोदय ने बताया है कि महने पूरा जवाब दिया हैं। मुख्यमंत्री जी जरा पढने की कोि ा ा करे। इन्होने जवाब मे लिखा है – ''दहेज से उतपन्न झगड़ो के कारण दर्ज किए गये 56 मुकदमों का अन्य विवरण देने मे जो समय और श्रम लगेगा उसके मुकाबले कोई सम्भव लाभ की प्राप्ति नही होगी'' मै मुख्यमंत्री का ध्यान केस नम्बर 2 की और दिलाना चाहता हूं । इसमे लिखा है कि बाले पुत्र चन्दर जाति गुज्जर निवासी गांव अतमादपूर थान एन.आई.टी. फरीदाबाद को मुकदमा न. 134/83 धारा 457/380 भा.द.स. थाना गुजेसर जिला फरीदाबाद के मुकदमे मे पूछताछ के लिए बुलाया गया था। दिनांक 12.02.1984 को जब वह थाने मे बैठा हुआ था तो उसने अपने भारीर पर मिट्टी को तेल डाल कर आग लगा ली और वह मर गया इस सम्बन्घ मे कुछ लोगो को सस्पेंउ किया गया। मैजिस्ट्रैट से इन्कवायरी कराई गई ओर जांच मे किसी पुलिस अफसर को जिम्मेवार नही पाया गया। क्या मुख्यमंत्री महोदय बताने की कृपा करेगे कि पुलिस स्टे ान मे मिट्टी का तेल कहा से आया? दूसरा सवाल यह है कि क्या थाने के इन्चार्ज के खिलाफ इस बारे मे कोई ऐक ान लिया गया और अगर लिया गया तो क्या ऐक ान लिया है?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, इस केस की तफसील ऐसी है कि बाले पुत्र चन्दर जाति गुज्जर निवासी गांव अतमादपूर थान एन.आई.टी. फरीदाबाद को मुकदमा न. 134/83 धारा 457/380 भा.द.स. थाना गुजेसर जिला फरीदाबाद के मुकदमे मे पूछताछ के लिए बुलाया गया था। दिनांक 12.02.1984 को जबकि वह थाने मे बैठा हुआ था उसने अपने भारीर पर मिट्टी का तेल डाल कर आग लगा ली। वह सफदरजंग अस्पताल दिल्ली मे मर गया। उप निरीक्षक, नरेन्द्र सिंह, सिपाही राजैनद्र और औम प्रका ा को गैर–जिम्मेवारी के लिए निलम्बित किया गया था। उपमण्डल मैजिस्ट्रेट बल्लबगढ़ ने मृत्यू के कारण जानने के लिए जांच की थी। जांच के कोई पुलिस कर्मचारी मृत्यू के लियसे जिम्मेदार नही पाया गया औरा यह मामाला आत्महत्या का पाया गया था।

डा. भीम सिंह दहियाः स्पीकर अगर किसी पुलिस अफसर की नेग्लीजैंनस नही थी तो उन पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को सस्पैंड क्यों किया गया? (ाोर)

श्री अध्यक्षः इसका जवाब दहिया साहब आ चुका है।

श्री मंगल सिंह : स्पीकर साहब, मुख्यमंत्री महोदय केवल इनता ही बता दे कि थाने मे मिट्टी का तेल कहां से आ गया था। (ाोर एवं व्यवधान)

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, डाकटर साहब आजकल बीमारी से उठकर आये है और अपना दिमागी संतुलिन खो बैठे है। याददा त कम हो गयी है। (हंसी) मैने तफसील के साथ सब कुछ बता दिया हैं। मेहरबानी करके इनका मर्यादा मे रहकर ही बात करनी चाहियें। सुनते कम है और बोलते ज्यादा है। (ाोर एवं व्यवधान)

डा. भीम सिंह दहियाः अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री महोदय ने अपने जवाब मे चार मौतों को जिक्र किया चौथें केस मे इन्होने अपने जवाब मे बताया है कि इंटैरोगे ान के दौरान मौत हीट स्ट्रोक से हुई है। मै आपके द्वारा मुख्यमंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि इंटैरोगे ान ऐसी कड़कती धूप मे करने की क्या आव यकता थी जहां कि उसकी मौत हो जाए देसरी बात यह है कि क्या हीट स्ट्रोक से ही मौत हुई थी तो फिर पुलिस अफसरों के खिलाफ एक ान लेने की क्या आव यकता थी? इस कारण से दो आदमीयों को सस्पैंड कर दिया ओर मैजिस्टरियल जांच के लियें आर्डरप भी कर दिये यह बात तो आपस मे कंट्राडिक्टरी सी हो गयी लगती है। या तो ये कहे कि हमे इसके कारण पता नही और जब इनको यह पता है कि मौत जो हुई वह हीट स्ट्रोक के कारण हुई तो जांच वगैरह की आव यकता ही नही थी। इसलिय मै इनसे साथ साथ यह भी जानना चाहता हूं कि ही स्ट्रोक से इन डैथस के सिवाये कोई और डैथस भी हरियाणा मे हुई है या नही ?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, इस केस की कहानी इस प्रकार से है। राज सिंह पुत्र भरत सिंह ब्राहमण निवासी गांव मौखरा थाना महम जिला रोहतक की मृत्यू राजकीय रेलवे थाना रेवाड़ी मे हुई थी। यह गर्मी के आकस्मिक आघात के कारण हुई थी जबकि उसे मुकदमा न 81 तिथी 02.06.1984 धाराधीन 379 भाःदःसः राजकीय रेलवे थाना रेवाडी़ मे तफती ा के लिए बुलाया गया था। उप निरीक्षक निहाल सिह, सहायक उप निरिक्षक हवा सिंह और प्रधान सिपाही राम कि ान को निलम्बित किया गया था क्योंकि उन्होने उसको दवाई देने मे कुछ देर की थी। जब उस आदमी की तफती ा हो रही थी तो उसको उस के दौरान दवाई दिलवानी चाहिये थी। इस नैगलीजैन्स के लिए उनको सस्पैंन्ड किया गया था ताकि आगे किसी भी प्रकार को कोताही न हों।

श्रीमती चन्द्रावतीः स्पीकर सर, क्या मुख्यमंत्री बतायोगे कि पुलिस स्टे ान पर जो मौतें होती है क्या वह पुलिस की ज्यादती के कारण नही होती है? क्योकि पुलिस उनका इतना पीटती है कि आदमी मर जाता है। साथ मे स्पीकर साहब, मै मुख्यमंत्री महोदय से यह भी जानना चाहती हूं कि हरियाणा मे और भी इस प्रकार के डैथस हुई है जोकि पुलिस हिररासत मे मार पीट करने से हुई हों। इन्होने तो यहां पर केवल चार का ही जिक्र किया है लेकिन और बहुत सी डैथस हुई हों। पिछले दिनो

उचाना हल्के मे ही एक डैथ हुई है। इस बात का सरकार जवाब दें।

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, मौत तो कही भी हो सकती हैं। बड़े बड़े महलों मे राजवाड़ो की मौत हो जाती है। राजे महराजाओं की मौत भी महल मे होती है। मौत जब आती है तो वह जगह नही देखती कि कौन सी जगह पर इन्सान की मौत होनी चाहियें। मौता का कोई समय और टाईम नही होता। इनको पता नही क्या हो गया है जो इस तरह की बाते करते है। आप स्पीकर साहब, यह जानते है कि अगर कोई चोरी के केस मे, डकैती के केस मे या 302 के केस मे किसी आदमी से क्या पुलिस बुलाकर पूछताछ करेगी? अगर पूछताछ करेगी तो उसको कुद कहना भी पड़ेगा। इसका मतलब यह नही कि मारपीट से कोई मौत होती है। पूछताछ मे तो हो नही सकता कि आओ डाक्टर, बैठो कुर्सी पर यह तो वे कह नही सकते। जिसने चौरी कर रखी हो उस से पूछताछ तो करनी ही पड़ेगी। पूछताछ के दरमियान या वैसे ही अगर कोई आदमी खुदक ाी कर ले तो इसमे सरकार क्या कर सकती हैं। यूंहि बिलावजह इल्जाम लगाने को कोई मतलब नही है। अगर माननीय सदस्यापें के नोटिस मे और कोई बात हो कि फलां जगह फलों व्यक्ति पुलिस की हिरासात मे मर गया तो सरकार उसका बाकायदा जवाब देगी और जैसा कि मैने पहले बताया है कि जिस अधिकारी का कसूर निकलता है, उसके खिलाफ हमने कार्यवाही की है ओर आगे भी करेगें।

श्री देवी दासः अध्यक्ष महोदय, राजबीर पुत्र करतार सिंह, निवासी जाटीकंला थाना राई, सोनीपत जिले की मौत हुई है और दो सिपाहीयों को 302 मे अरैस्ट करके, जैसाकि चीफ मिनिस्टर साहब ने बताया कि उनके विरूद्व मामला कोर्ट मे चल रहा है मै उनसे यह जानना चाहता हूं कि उन दोनो सिपाहियों का कसूर है या कि उसी थाने मे दूसरे जो हवलदार और थानेदार या एस.एच.औ. का कसूर हैं। इस बारे मे क्या चीफ मिनिस्टर साहब स्थिती का स्पश्ट करेगें?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, जिनका कसूर पाया गया उनका बाकायदा चालान किया हुआ है और मामला अदालत मे है। उसका अदालत ही फेसला करेगी।

श्री किताब सिंह : स्पीकर साहब, अभी मुख्यमंत्री ने अपने जवाब मे यह कहा है कि राज हिस की महम थाने के जो मृत्यू हुई है वह गर्मी की वजह से हुई क्या डाक्टरी रिपोर्ट मे ऐसा लिखा है? दूसरी बात यह है कि मई, 1984 मे बिचपड़ी के बदलू उर्फ करता सिंह ने एक औरत को दहेज के कारण मार डाला है। क्या उसकी एफ.आई.आर दर्ज हुई है कि नही और इसी सम्बन्ध मे वहा पर एक बड़ी भारी पंचायत भी हुई अखबारेो मे भी यह खबर आई हे और साि मे माफी मांगते हुए फोओ भी आई है। 20–30 हजार आदमी वहा पर थे। इस लिए मेरी आपके द्वारा सरकार से प्रार्थना है किक इस बारे मे वह अपनी स्थिती स्पश्ट करे। स्पीकर साहब, जो आदमी पुलिस कस्टडी मे मारा गया, उसका इन्होने

बताया कि मुकदमा भी दर्ज हुआ है माने वाले के पिछे उसके बच्चे रह गये है, एक बुढी मां है लेकिन और कोई आदमी घर मे नही है। क्या उनके पालन पोशण के लिए, पढाई के लिए, भाादी वगैरह के लिए ओर सर्विस के लिए सरकार कोई प्रबन्ध करेगी?

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, जहां तक इस केस का ताल्लुक है मेने बड़ा तफसील के साथ बताया है कि केस अदालत मे है ओर अदालत ही इसका फेसला करेगी कि किस का कसूर है और अदालत ही उसे सजा देगी। जहां तक इसके परिवार को सहायता देने का सम्बन्ध है इस बात को मूझे पूरा ज्ञान नही है कि उसके परिवार की क्या द ाा है। मैम्बर साहब मुण्े सारा हवाला लिखकर भेजे देवे कि उनके घर की क्या हालत है। अगर किसी बच्चे छोटे हो और चाहे उस माने वाले का कसूर भी तो तो भी सरकार का यह कर्तव्य बनता है कि सरकार उसके बाल बच्चों की सहायता करें। आप लिखकर भेजिये, सरकार जो भी मदद कर सकती होगी अव य करेगी।

चौधरी कुलबीर सिंह मलिकः स्पीकर साहब, 302 मे एक केस कैंसिल हुआ और 306 मे तीन केसिंल हुए, इसके क्या कारण है? दूसरी बात यह है कि इस काम के लिये कोई डी.एस.पी. रैन्क को अफसर अप्वांयट करेगे जो कि इसकी जांच करें या किसी स्पै ाल ऐजेन्सी को यह काम सौंपा जाएगा क्योकि छोटे अफसर पैसे लेकर लोगो के साथ मिलजाते है और केस की तफती ा

अच्छी तरह से नही हो पाती हैं। क्या इस तरह के केसिज के लिए कोई स्पै ाल कोर्ट भी सरकार बनाने का विचार रखती हैं?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, एक आदमी को जेठप के महीने मे कही पकड़ लिया और अन्दर कर दिया और सावन के महीने के बाहर आया तो उसे सूखा ही सूखा दिखायी देने लगा। इसका भी यही हाल है कि इनको तो हर तरफ पैसे के सिवा कुछ नजर नही आता है। (ाोर)

चौधरी कुलबीर सिंह मलिकः स्पीकर साहब, मैने जो कहा है यह बिल्कूल ठीक है ये जांच करवा लें।

चौधरी भजन लालः माननीय स्दस्यों को स्पीकर साहब, जिम्मेवारी के साथ सारी बाते कहनी चाहिये। एज ए होल सब के लिए ऐसा नही करना चाहिए कि नीचे के सारे के सारे अफसर बेईमान है। मै यह तो कह सकता हूं कि कमियां तो हम सब मे हो सकती है, सरकारी अधिकारियों मे भी हो सकती है। यहां ऐज ए होल सभी को कह देना यह कोई अच्छी बात नही हैं। अध्यक्ष महोदय, बाकायदा डी.एस.पी. रैन्क का आदमी इन्कवायरी करता है, देखता है और जिसका कसूर होता है, उसके खिलाफ सरकार कार्यवाही करती है। (ाोर एंव व्यवधान)

श्री किताब सिंह : स्पीकर साहब, बिचपड़ी मे जो पंचायत हुई थी उसका क्या हुआ। कोई केस दर्ज हुआ कि नही। जरा इस बारे मे तो बता दें। (ाोर) और साथ ही मैडीकल

रिपोर्ट क्या थी उसका भी जरा हमे पता लगना चाहियें। इन्होने यह कैसे कह दिया कि आदमी गर्मी के कारण मर गया। आया इनके पास कोई मैडीकल रिपोर्ट आई है?

श्री अध्यक्षः चौधरी किताब सिंह जी जब चीफ मिनिस्टर साहब यह ब्यान देते है कि आदमी हीट स्ट्रोक से मरा तो किसी मैडीकल रिपोर्ट के आधार पर ही कहते होगें।

साहेगार अब सवालों का समय खत्म होतो है।

नियम 45 के अधीन सदन की मेज पर रखे गये तारांकित प्र नो के लिखित उत्तर

Chamarian Brahamanwas Minor

***837. Sh. Hari Chand Hooda:** Will the Minister for Irrigation and Power b pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to construct Chamarian Brahamanwas Minor in Rohtak District; if so, the time by which the construction work thereon is likely to be started?

सिचांई तथा बिजली मंत्री (चौधरी भाम ेर सिंह सुरजेवाला): जी हां। कार्य ीघ्र ही आरम्भ हो जाने की सम्भावना है।

S.Y.L. CANAL

***876. Sh. Hira Nand Arya & Dr. Bhim Singh Dahiya:** Will the Minister for Irrigation and Power be pleased

to state the steps, if any, taken by the State Government since 01-09-1984 to ensure expeditious completion of S.Y.L. Canal in Punjab Territory together with the extent up to which the said Canal has been completed?

सिचांई तथा बिजली मंत्री (चौधरी भाम ेर सिंह सुरजेवाला): पंजाब क्षेत्र मे एस.वाई.एल. प्रौजैक्ट के कार्य की प्रगति का जायजा लेने के लिए समय–2 पर बैठकों का आयोजन किया गया था। अन्तिम दो बैठके सदस्य (पी. एण्ड. पी.) कैन्द्रीय जल आयेग नई दिल्ली का प्रधानता मे दिनांक 30.10.1984 और 12.02.1985 को हुंई हैं। इन बैठको मे भूमि अभिग्रहण, खुदाई, लाईनिंग, बडे तक्था मध्यम क्रास ड्रैनेज कार्यो सम्बन्धी टैण्डरज को अन्तिम रूप देने बारे कार्यो का जायदा लिया गया ताकि कार्यो की प्रगति को तेज किया जा सके। इसके अतिरिक्त 01.09.1984 से पंजाब को 15 करोड़ रूपये की रा ि। इन कार्यो को execute करने हेतू दी जा चुकी है।

एक विवरणी जिसमे इस समय तक हुई प्रगति का ब्यौरा है, सदन के पटल पर रखी जाती है।

विवरणी

(क) भूमि अर्जन

2351.14 एकड़ भूमि मे स 2091.41 एकड़ भूमि रीच 0. 32 कि.मी. तथा 66–112 कि.मी. मे अर्जित कर ली गई है और लगभग 6 करोड़ की अदायगी कर दी गई है रीच 32–38 कि.मी.

के लिये भूमि अर्जन हेतू अधिसूचना जारी कर दी गई है। भोश लम्बाई के लिये, अधिसूचना सम्बन्धी दस्तावेज तैयार किये जा रहे है।

(ख) मिट्टी का काम

लगभग 50 किलोमीटर के क्षेत्र मे खुदाई का कार्य भाुरू कर दिया गया है और अनुमानित 450 लाख क्यूसिक क्षेत्र मे से 90 लाख क्यूसिंक क्षेत्र मे मिट्टी का का 15.01.1985 तक पूरा कर दिया गया है।

(ग) जलमार्गो को पक्का करना

लगभग एक दर्जन स्ीानों पर लगभग 11.5 किलोमीटर लम्बाई पक्का करने के लिए पड़ी है। यह अभी आरम्भ किया जाना है।

(घ) मुख्य क्रास जलनिकास निमार्ण कार्य

सिरसा तथा वुधकी का डिजाई अनुमोदित हो गया है। सिरकसा नाला पर कार्य भाुरू कर दिया गया है। 9 अन्य मुख्य निमार्ण कार्यो की निविदाओं को अन्तिक रूप दिया जा रहा है।

(ड़) मध्यम क्रास जल निकास निमार्ण कार्य

अल्लावास, खरोआ, पारीवार, बिछोड़ा तथा मजरी क्रास जल निकास निमार्ण कार्यो की नीवों की खुदाई का कार्य भाुरू कर

दिया गया है। कई अन्य निर्माणों के कार्य भी निमार्ण कार्य एजेंसियों को अलाट कर दिये गये है।

Staff for upgraded School in village Gochhi

***881. Smt. Basanti Devi:** Will the Minister of State for Education be pleased to state whether the required staff has been posted in the school of Gochhi village after its upgradation from primary to Middle, if not, the time by which the required staff is likely to be posted?

ि ाक्षा राज्य मंत्री (श्री जगदी ा नेहरा): ग्राम गोच्छी जिला रोहतक के प्राईमरी स्कूल का दर्जा बढा कर मिडल नही किया गया हैं। इसलिए इस बिना पर स्टाफ लगाने का प्र न ही नही उठता।

Electricity Generated by Panipat and Faridabad Thermal Plants

***909. Sh. Mangal Sein:** Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state whether it is fact that the Panipat and Faridabad Thermal Plants have been generating Electricitiy lesser than their instlled Capacity during the period from 01-01-1985 to date; if so, the Quantum of Electricitiy produced together with the reasons for generating lesser Electricitiy than the installed capacity thereof?

सिचांई तथा बिजली मंत्री (चौधरी भाम ेर सिंह सुरजेवाला): वांछित सूचना का विवरण सदन के पटल पर रखा जाता है।

विवरणी

दिनांक 01.01.1986 से पानीपत एंव फरीदाबाद थर्मल परियोजनाओं की बिजली उत्पादन निम्न प्रकार थी–

पानीपत थर्मल परियोजना			पानीपत थर्मल परियोजना	
	लक्ष्य	बिजली उत्पादन	लक्ष्य	बिजली उत्पादन
जनवरी, 1985	90 मै.वा.	86 मै.वा.	46 मै.वा.	43 मै.वा.
फरवरी, 1985	90 मै.वा.	94 मै.वा.	56 मै.वा.	41 मै.वा.

जनवरी तथा फरवरी, 1985 मास के दौरना पानीपत थर्मल परियोजना मे बिजली उत्पादन एंव जनवरी 1985 मास के लिए फरीदाबाद थर्मल प्लांट परियोजना मे बिजली उत्पादन लक्ष्यो के बराबर की थी। यदपि थर्मल परियोजना मे फरवरी 1985 मास के लिए बिजली उत्पादन 60 मैगावपाट की पहली यूनिट के कैपिटल मैनटैनैन्स (बड़ी अनुरक्षण) एंव जांच परीक्षण तथा चालू होने के अधीन रहने के कारण कम था।

पानीपत थर्मल स्टे ान के लिए जनवरी तथा फरवरी 1985 के दौरान लोड फैक्टर क्रम ा: स्टे ान के लिए जनवरी तथा फरवरी 1985 के दौरान लोड फैक्टर क्रम ा: 52 प्रति ात तथा 63.5 प्रति ात रहा है जो कि सामान्य कार्यकु ालता से बिल्कूल अधिक है।

Construction Roads of 'A' Class Municipal Committees

***919. Seth Ram Dass Dhamija:** Will the Minister for Local Government be pleased to state whether there is any porposal under Consideration of the Government to get the roads of "A" Class Municipal Committees in the State Constucted through the P.W.D. (B&R) if so, the time by which the said proposal is likely to materialise?

सीानीय भाासन राज्य मंत्री (श्री प्यारा सिंह): नही।

Adhoc Teachers

***886. Dr. Bhim Singh Dahiya:** Will the Minister of state for education be pleased to state—

(a) The category-wise number of adhoc teachers working in the Government School, in the State as on 30th Dec. 1984; and

(b) the details of the policy with regard to the recruitment and absorption of teachers referred to in part (a) above?

ि ाक्षा राज्य मंत्री (श्री जगदी ा नेहरा):

(क) दिनांक 30.12.1984 की स्थिती अनुसार तदर्थ अध्यापकों की वर्श वार संख्या निम्न प्रकार हैः

1.	स्कूल प्राध्यापक	12
2.	मास्टर / मिस्ट्रेसिज	2379
3.	जे.बी.टी.	3856
4.	हिन्दी अध्यापक	929
5.	संस्कृत अध्यापक	579
6.	पंजाबी	149
7.	उर्दू	84
8.	पी.टी.आई.	509
9.	ड्राईंग	417
10.	सिलाई अध्यापिका	11
योग		8925

(ख) तदर्थ नियूक्तियां केवल उपल्ब्ध रिक्तियों के विरूद्व स्ओप गैप अरैंजमैंट के तौर पर नियमित नियूक्तियां होने तक की जाती हैं। इसलिए तदर्थ आधार पर नियूक्त व्यक्ति की सेवाए ज्यूं

ही नियमित रूप मे नियूक्त व्यक्ति कार्य ग्रहण करता हैं, समाप्त कर दी जाती है। इसलिए ऐसे तदर्थ आधार पर नियूक्त व्यक्ति को समायोजित करने की कोई नीति नही है?

Provision of Double Link Roads

***936. Sh. Fateh Chand Vij:** Will the Minister for Public Works (B&R) be pleased to state wether the facility of double link roads has been provided in any of the villages in the state; if so, the constituency-wise names of such villges.

अन्तरिम उत्तर

डी.औ. न. 29–15–85 भः तथा सः (3)

अमर सिंह

लोक निर्माण(भवन व सड़के) मंत्री

हरियाणा सरकार

चण्डीगढ।

दिनांक मार्च 15, 1985

विशयः तारांकित विधान सभा प्र न न. 936

प्रिय श्री

विधान सभा तारांकित प्र न न. 936 जो 20.03.1985 की सूची मे श्री फतेह चन्द विज, सदस्य, हरियाणा विधान सभा के

नाम दर्ज है के विशय मे मुझे यह कहना है कि उक्त प्र न का उत्तर अभी तैयार नही हुआ है क्योंकि सूचना अधीनस्थ कार्यालायों एकत्रित की जानी है। इसलिए इसमे समय लगेगा। अनुरोध है कि इस प्र न का उत्तर देने के लिए 2 मास का समय दिया जायें।

आपका

हस्ताक्षर

(अमर सिंह)

श्री तारा सिंह

अध्यक्ष

हरियाणा विधान सभा

चण्डीगढ

Forest Department Nusery in District Sirsa.

***944. Sh. Bhagi Ram:** Will the Minister for Forests and Jails be pleased to state—

(a) Whether any nusery was planted by the Forest Department on private land in village Darbakalan of District Sirsa; and

(b) if so, whether any compensation has been paid to any of the owners of the said land?

वन तथा जेल मंत्री (श्री गोवर्धन दास चौहान):

(क) जी हां।

(ख) जी हां।

श्री अध्यक्षः अब फाईनैंस मिनिस्टर साहब वर्श 1985–86 का बजट प्रैजेंट करेगें

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब, रोहतक मे पिछले 6 दिनों से पीने का पानी नही मिल रहा है। म्यूनिसिपल टैप्स मे गन्दा पानी आ रहा है। जो हरूमेन कंजम्प ान के लिए हानिकारक है। मुख्यमंत्री जी इस बारे मे जरा बता दें।

श्री अध्यक्षः डा. साहब मै आपको एक बात बताना चाहता हू कि जिस दिन बजट प्रैजैंट होना हो, उस दिन कोई और आईटम बीच मे नही आया करती।

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब, इस मे क्या हर्ज है।

श्री अध्यक्षः प्रेसीडैंट यही है।

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब, कोई अच्छा प्रेसीडैंट डालने मे क्या हर्ज है।(ाोर)

मुख्यमंत्री (श्री भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, इन की बात का कोई मतलब नही है। डा. साहब कल मेरे पास आए थे और इनहोने जिक्र किया था कि वहा पीने के पानी की दिक्कत है। मैने इनके सामने डिप्टी कमि ानर रोहतक के साथ बात की

थी। नहर का पानी बन्द होने की वहज से भाहर मे पानी नही आ सका। आज पानी पहूंच जाएगा क्योकि नहर मे पानी चल पड़ा है। (ाोर)

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब, जिन लोगो ने इस मामल मे कोताही की है क्या उनके खिलाफ एक ान लिया जाएगा? (ाोर)

श्री अध्यक्षः मैने चौधरी औम प्रका ा के इसी विशय पर काल अटेन्ा ान मो ान पर गवर्नमैंट के कमैंट्स मांगे है। उसके साथ इस को भी लिंक कर दिया जाएगा। एप्रोप्रिएट टाईम पर आप को भी स्पलीमैंटरी पूछने का पूरा हक होगा।

वर्श 1985–86 का बजट पे ा करना

श्री अध्यक्षः अब फाईनैंस मिनिस्टर वर्श 1985–86 का बजट प्रैजैंट करेगे।

वित्तमंत्री (श्री सागर राम गुप्ता): श्रीमान अध्यक्ष महोदय, तथा मेरे मान्य साथियों,

इस गरीमा ाली सदन के सामने राज्य सरकार के वर्श 1985–86 मे बजट अनुमान और समाप्त होने वाले वर्श को संक्षिप्त विवरण पे ा करते हुए मै अत्यन्त गौरव का अनुभव कर रहा हूं।

वर्श 1984–85 भारतीय इतिहास के एक घटनापूर्ण युग के अन्त और राश्ट्र के जीवन मे एक नये युग के आरम्भ को

अंकित करता हैं। 31 अक्तुबर 1984 को हमारी महान नेता और प्रिय प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने नृ ांस हत्यारों की गोलियों से आहत होकर अपने जीवनकी अन्तिम सांस ली। उस महान महिला और महान नेता के लिये प्र ांसा और स्तुति के कोई भी भाब्द कभी काफी नही रहेगें।

वह न केवल राश्ट्रमंच पर एक दैवी व्यक्तित्व के रूप मे उभरी अपितु आधुनिक युग के वि व–नेताओं मे उनका प्रमुख स्ाान रहा। भाान्ति, प्रगति और समृद्वि तो जैसे उनके नाम मे पर्यायवाची भाब्द बन गए थें। उनकी मृत्यू के साथ एक महान युग का अन्त हो गया है।

हमारे सौभाग्य से और राश्ट्र के सौभाग्य से इस भाौकपूर्ण स्थिती मे भी हमारी महान जनता को आत्मबल नही डगमगाया ओर उसने समय की आव यकता को समझते हुए हमारे युवा नेता तथा नये प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी को भारी जनादे ा दिया। श्री राजीव गांधी के आगमन से नई आ ाओं, नई उमंगों और राश्ट्र की सम्सयाओं के समाधान के लिए दृढ वि वास के एक नए युग का सुत्रपात हुआ हैं। यह सचमुच एक उचित और भाुभ संयोग है कि छठी पंचवर्शीय योजना की समाप्ति और सातवी योजना अवधि का आरम्भ उनके नेतृत्व मे हो रहा है।

केन्द्रिय बजट की मुख्य बातें

1985–86 का केन्द्रिय बजट कुछ दिन पहले प्रस्तुत किया गया है। यह एक वृद्वि परक बजट है और नई सरकार को सामाजिक समानता के अनुरूप विकास की गति को तेज करने की इच्छा को पर्णतः वयक्त करता है। समाज के सभी वर्गो द्वारा बजट का व्यापक रूप से स्वागत किया गया है।एक प्रमुख राश्ट्रीय समाचार पत्र ने नए बजट की प्र ांसा निम्न भाब्दो मे की है।

''नई सरकार ने अपना वचन पूरा किया है उत्पादन ील आधुनिक अर्थ व्यवस्था के अन्तर्गत बेहतर सामातिक न्याय के युग को लाने के लिये एक साहसिक कदम उठाया गया है।''

यह बजट केन्द्रिय सरकार की बेहतर वितीय अनु ाासन तथा संसाधनों के अधिकतम उपयोग के प्रति उत्सुकता को प्रकट करता है। हम केन्द्रिय बजट का पूर्णतः स्वागत करते है। प्रधान मंत्री तथा कैन्द्रिय वित्त मंत्री को नई पद्धिती तथा वृद्धि परक उपाय अपनाने के लिये बधाई देते है। अपने सीमित साधनों और गति कौ ाल की सीमाओं मे रहते हुए हम केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित गति का अनुसरण करेगें।

मै केन्द्रीय बजट की कुद प्रमुख बातों को संक्षेप मे पुनः वर्ण करना चाहूंगा।

केन्द्रीय बजट मे राजे की योजनाओ के लिए केन्द्रीय सहायता के उच्चतर उपबन्ध और राज्यों के बाजार–ऋण मे भी

उच्चतर हिस्से की व्यवस्था है। प्रत्येक राज्य मे संसाधनों के वास्तविक प्रवाह का विस्तृत विवरण तो कुछ देर बात ज्ञात होंगो। तथापि मुझे वि वास है कि 1985–86 के दौरान इन भीर्शो के अधी हम कुछ और अधिक प्राप्त करने की आ ाा करते है।

केन्द्रीय वित्त मंत्री ने प्र ाासन आधुनिकीकरण पर और प्र ाासन मे तकनीकी सहायताओं के उपयोग के प्रारम्भ पर भारी बल दिया है। नई सरकार का प्रगति ाील दृश्टिकोण उसके द्वारा कारधान और लाईसैंस देने संबंधी नीतियों को उदार बनाने के निर्णय और कम्पूयूटरों इत्यादि पर सीमा ाुल्क मे रियायत देने से भी स्पश्ट होता हे। हम आ ाा करते है कि इन स्थितीयों से हमारा राज्य भी लाभन्वित होगा और ये उपाय हरियाणा मे इलैक्ट्रनिक्स तथा अन्य उधोगो को स्ाापित करने के राज्य सरकार के प्रयत्नों को बढावा देगें।

केन्द्रीय बजट बेहतर सामाजिक सुरक्षा तथा व्यापक फसल–बीमा लागूं करने की केन्द्रीय सरकार की इच्छा को परिलक्षित करता है। मुझे वि वास है कि नई नीति से हरियाणा सहित समूचे दे ा को खेतिहार समुदाय लाभाविन्त होगा।

हमारे लिये भी यह समय लेखे जोखे का है वि ोशत– इसलिये कि कुछ ही दिनों मे छठी पंचवर्शीय योजना की अवधि समाप्त हो रही है और अगले महीने की पहली तारीख से सातवी योजना भाुरू हो रही है।

आर्थिक सर्वेक्षण

हरियाणा का अर्थिक सर्वेक्षण 1984–85 दस्तावेज जिसमे राज्यवा की आर्थिक स्थिति का विस्तृत वि लेशण और आर्थिक मोर्चे पर राज्य सरकार की उपलब्धियों का विवरण दिया गया है, की प्रतियों माननीय सदस्यों के पास पहले से ही उपलब्ध है तथापि, हमारी आर्थिकता के महत्वपर्ण पहलुओ और उल्लेखनीय उपलब्धियों का जिक्र मै संक्षेप मे करना चाहूंगा।

कुछ अवधिओ मे खराब मौसम और कुछ ऐसी अन्य विपरीत स्थितियों के होत हुए भी जो कि हमारे काबू से बाहर थी, छठी योजना के दौरान राज्य की अर्थिकता मे निरन्तर वृद्वि होती रही है। छठी योजना के आरम्भ होने से ठीक पहले वाले वर्श मे अर्थात 1979–80 मे राज्य का घरेलू उत्पादन स्थिर मूंलयो (1970–71) पर 1200 करोड़ रूपये था जो 1983–84 मे 1547 करोड़ रूपयों तक बढ गया ओर नवीनतम अनुमानों के अनुसरार 1984–85 मे इसके 1592 करोड़ रूपयों तक पहुंचने को अन्दाजा है। इसी तरह वर्तमान मूल्यो पर राज्य की आय, जो कि 1979–80 मे 2423 करोड़ रूपये थी, 1983–84 मे 4320 करोड़ रूपये तक पहुंच गई थी। क्षेत्रवार वि लेशण से पता चलता है कि प्रारंभिक क्षेत्र मे स्थिर मूल्यो पर राज्य का उत्पादन 1979–80 मे 581.2 करोड़ रूपयों से बढकरप 1983–84 मे 762.4 करोड रूपयो पर पहुंच गया, द्वितीय क्षेत्र मे 1979–80 मे 254.6 करेाड रूपयों से बढकर 1983–84 मे 305.6 करेाड रूपयों तक और तृतीय क्षेत्र मे

1979–80 मे 364.2 करेाड रूपयों से बढकर 1983–84 मे 479 करेाड रूपयों तक बए गया। समूचे तौर पर प्रारम्भिक क्षेत्र का 1970–71 मे 64.8 प्रति ात का अ ादान घटकर 1983–84 मे 46.1 प्रति ात रह गया। द्वितीय क्षेत्र का अं ादान 15.2 प्रति ात से बढकर 23.6 प्रति ात हो गया और तृतीय क्षेत्र का अं ादान इसी अवधि मे 20 प्रति ात से बढकर 30.3 प्रति ात हो गया। ये रूझान सुखद कहे जा सकते हैं।

हमारा राज्य प्रतिवयक्ति आय मे भी उन्नति की ओर अग्रसर रहा है। वर्तमान मूल्यो पर हमारी प्रतिव्यक्ति आय 1979–80 मे 1949 रूपए से बढ़ कर 1983–84 मे 3147 रूपए हो गई और इस प्रकार केवल 4 वर्श मे 61 प्रति ात अधिक वृद्वि हुई।

छठी पंच वर्शीय योजना (1980–85) 1800 करोड़ रूपए अनुमोदित परिव्यय के आधार पर बनाई गई थी जिसके मुकाबिले मे हमारे द्वारा लगभग 1638 करोड़ रूपए का खर्च किए जाने की संभावना है जिसमें प्राकृतिक आपदाओं के कारण योजना स्कीमों पर खर्च किए गए लगभग 35 करोड़ रूपए भी सम्मिलित है। वस्तुतः यदि कुद अप्रत्याि ात देयताए न होती, जैसे कि कर्मचारियों के लिए अतिरिक्त मंहगाई भते की कि तो की स्वीकृत, कुछ निर्धारित मूल्यों मे वृद्वि और राहत उपायो पर खर्च की गई रा ि। जो कि इन पांच वर्शो मे लगभग 570 करोड़ रूपए के

लगभग रही तो हमारो योजना व्यय 1800 करोड़ रूपए के मूल पव्यिय से बहुत अधिक हो जाता।

यधपि दे ा मे वर्तमान कीमतो के रूझान से राज्य पूर्णतः अप्रभावित तो नही रहा सकता तथापि हम इन दबावों के यथासंभव सीमा तक रोकने के लिए प्रयत्न ील रहे है। हरियणा राज्य कामगार–श्रेणी–उपभोक्ता–मुल्य–सुचकांक मे मार्च 1983 और मार्च 1984 के बीच केवल 6.5 प्रति ात की वृद्वि हुई जबकि इसी अवधि के दौरान अखिल भारतीय कामगार–श्रेणी–उपभोक्ता–मुल्य–सुचकांक मे 11.2 प्रति ात की वृद्वि हुई। इसी प्रकार कृशि–साम्रगी के थोक मूल्यों के सूचकांक मे दिसम्बर 1983 और दिसम्बर 1984 के बीच केवल 4 प्रति ात की वृद्वि पिछलें वर्श की इसी अवधि के दोरान 9.2 प्रति ात की वृद्वि के मुकाबिले मे हुई। राज्य सरकार ने अपनी 6000 उचित मुल्य दुकानों के व्यापक जाल के द्वारा राज्य के लोगो को उचित मूल्यों पर आव यक वस्तुओ की आपूर्ति प्रर्याप्त मात्रा मे विनियमित एंव सुनि ि चत करने के लिए प्रयास किए है। इनमे से 241 उचित मूल्य दुकाने केवल समाज के कमजोंर वर्गो के लाभ के लिए चलाई जा रही है।

पूजी निर्माण

सरकार सार्वजनिक तथा निजी दोना ही क्षेत्रों मे उच्चतर पूंजी निर्माण के लिए प्रयतन ील रही हैं। बजट अनुमान

1984–85 का आर्थिक और कार्यात्क वर्गीकरण प्रकट करता है कि राज्य सरकार की 459.6 करोड़ रूपए की कुल प्रत्यक्ष मांग मे से 147.9 करोड़ रूपए की रा ि ा अथवा 32.2 प्रति ात का उपबन्ध इसके अपने पूंजी निर्माण क लिए किया गया है और 135 करोड़ रूपए सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्रों के पूजी निर्माण मे राज्य का अं ादान है। इस प्रकार अकेले 1984–85 के दौनान कुल लगभग 283 करोड़ रूपए का पूंजी निर्माण होगा जो कि पिछले वर्श की अपेक्षा लगभग 5.6 प्रति ात अधिक है। कुल निवल बचतों का अनुमान लगभग 159 करोड़ रूपए लगाया गया है। ये आकड़े पर्याप्त रूप से संकेत देते है कि राज्य सरकार बढ़े हुए स्तर के निवे ा का उपबन्ध करने और उसके द्वारा हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

सं ाोधित योजना परिव्यय 1984–85

मुझे यह कहते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है कि हमारी विव ाताओ के बावजूद 1984–85 का सं ाोधित योजना परिव्यय बजट परिव्यय से बढा हुआ हैं। 429.3 करोड़ रूपए के मूल अनुमानों के मुकाबिले मे हमने 433.3 करोड़ रूपए के सं ाोधित परिव्यय का उपबन्ध किया है। यह राज्या सरकार की एक महत्वपर्ण उपलब्धि है जो हमारे योजनेतर व्यय मे कठोर वित–अनु ाासन तथा भारत सरकार के द्वारा दिखाई गई उदार वृति के कारण संभव हो सकी है।

पांच वर्शो की अवधि के दौरान योजना व्यय का सबसे बड़ा हिस्सा सिंचाई और बिजली तथा उसके बाद सामाजिक और सामुदायिक सेवाओ और कृशि को गया है। सिंचाई तथा बिजली क्षेत्र को लगभग 966 करोड़ रूपए (योजना व्यय का लगभग 59 प्रति ात) के आबटन से राज्या सिंचाई अधीन क्षेत्र को 3.52 लाख हैक्टैयर और बढा सकने मे समर्थ हुआ, नलकूपो की संख्या लगभग एक लाख बढ गई है और बिजली–उत्पादन–क्षमता लगभग 362 मैगावाट बढ गई हैं।

सामाजिक तथा समुदायिक सेवाओ मे ज्यादा हिस्सा ि ाक्षा, स्वास्थय, चिकित्सा–सुविधाओ तथा पेयजल आपूर्ति और मल–निकास–योजना को गया हैं। कृशि–विकासा पर परिव्यय से अधिक उत्पादन से अधिक उत्पादन हुआ है जिसके परिणामस्वरूप राज्य सम्भवतः चालू कृशि वर्श के दौरान 71 लाख टन का रिकार्ड खाधान्न–उत्पादन हासिल कर सकेगा। गत पांच वर्शो मे खधान्नों की अधिक उपज देने वाली किस्मों के अधीन क्षेत्र लगभग 6 लाख हैक्टेयर बढा दिया गया है और उक्त अवधि के दौरान उर्वरकों की खपत 60 प्रति ात से भी अधिक बढ़ गई हैं।

इस अवधि के दौरान अनुसूचित जातियों, पिछड़ी श्रेणीयों और समाज के अर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के क्लयाण पर वि ोश ध्यान दिया गया है। इन पर लगभगप 16.5 करोड़ रूपये का योजना खर्च किया गया हैं।

सातवी पंचवर्शीय योजना

राज्य सरकार ने सातवी पंचवर्शीय योजना के लिए वृद्वि समानता तथा सामाजिक न्याय, आत्म निर्भरता, उन्नत कु ालता तथा उत्पादकता के व्यापक उदे यों को ध्यान मे रखते हुए 3200 करोड रूपये के परिव्यय का प्रस्ताव अनन्तिक रूप मे रखा है। इन मूलभूत मार्गद र्ी सिद्वातों के अन्तर्गत सातवी योजना के महत्वपर्ण अंग निम्नानुसार है:–

(i) आयाजना का विकेन्द्रीयकरण तथा विकास मे लोगो की पूर्ण सहभागिता:

(ii) उत्पादक रोजगार का अधिकतम सम्भव उत्पादन:

(iii) गरीबी मे कमी करना तथा अन्तर्वर्गीय, अन्तर्क्षेत्रीय तथा ग्रामीण– ाहरी असमानताओं मे कमी करना:

(iv) सामाजिक खपत वि ोशतया ि ाक्षा, स्वास्थय, पोशण, सफाईपप तथा आवास का उच्चतर स्तर:

(v) छोटे परिवार के नार्म को स्वैच्छिक रूप से अपनाने को तेज करना तथा आर्थिक एव सामाजिक कार्यो मे महिलाओ के लिए सकारत्मक भूमिका:

(vi) समूची अर्थ व्यवस्था मे आधारित सरंचनाओ की रूकावटो ओर कमियों को कम करना तथा उन्नत क्षमता–उपयोगिता तथा उत्पादकता:

(vii) उधोग मे कुल ाता, आधुनिकीरण तथा प्रतियोगिताः

(viii) ऊर्जा का संरक्षण तथा गैर पारमपरिक ऊर्जा स्त्रोतो को बढावाः तथा

(ix) विकास– आयेजना की मुख्य धारा मे विज्ञान तथा प्रोधोगिकी का समेकन, तथा परिस्थितिक एंव पर्यावरणीय संरक्षण।

राज्य सरकार उन प्राथमिकताओं को पूरी तरह पालन करती है तो सातवी योजना के लिए एप्रोच–पेपर तैयार करते समय केन्द्र सरकार द्वारा निधार्रित की गई है। हम हरियाणा के लोगो की जीवन स्थितियों मे गुणत्मक सुधार लाने तथा अधिक वृद्वि, सामाजिक न्याय, अधिक कु ालता तथा बेहतर सुअवसर जुटाने के लिए पुर्णतः वचनबद्व है। सातवी पंचवर्शीय योजना –अवधि के लिए हमारे परियोजित आबटन हन मूल दि ाा निर्दे ाों से ही उभरते है, आर्थिक नीति की मुख्य वि ोताए होगी, बेहतर सिंचाई–सुविधाओं और बिजली की उपलब्धता द्वारा कृशि–विकासा, कृशि, उधोग तथा अन्य क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अधिक बिजली–उत्पादन, किसानों के लिए अच्छी किस्म के निविश्टों की व्यवस्था, बाढ़ नियंत्रण, उधोग की वृद्वि, मानव–संसाधनो मे अधिक निवे ा, ि ाक्षा, चिकित्सा तथा स्वास्थय–सम्बन्धी अच्छी सुविधाओ की व्यवस्था, व्यवसायिक

प्रि ाक्षण, समाज के कमजोर वर्गों के लोगों का उत्थान और आवास, पेयजल आपूर्ति जैसी सुविधाओं की व्यवस्था करना।

सतलुज–यमुना–सपर्क–नहर–परियोजना

राज्या सरकार के मुख्य प्रयासों मे से एक प्रयास है हमारे किसानों को सिचाई–सुविधाए प्रदान करने केल लिए सतलुज–यमुना–सपर्क–नहर–परियोजना का निमार्ण करना। हाल मे परियोजना पर कार्य तेजी से चलने लगा हैं और परियोजना के निश्पादन की गति सर्वथा उत्साह–जनक हो गई हें इसके लिए पंजाब सरकार तथा सतलुज–यमुना–सपर्क–नहर–परियोजना प्राधिकारी हमारी बधाई के पात्र है। भारत सरकार इस परियोजना की प्रगति का परिवीक्षण बहुत बारीकी से करने के लिए कृपापूर्वक सहमत हो गई है। निःसदेह इस सम्बन्ध मे हम उनके अभारी है कि वह इस परियोजना मे इतनी अधिक रूचि ले रहे है। मै इस परियोजना के एक महत्वपुर्ण पहलू पर सदन को वि वास मे लेना चाहता हूं। चूकि परियोजना राश्ट्रीय महत्व की है जिस पर कि बहुत अधिक परिव्यय होगा, अतः हम ने इस परियोजना के लिए अग्रिम सहायता देने हेतू भारत सरकार से वि ोश अनुरोध किया है। फिलहाल हमारी प्राथ्रना को स्वीकार्य समझेगी। मै समझता हू कि तकनिकी तौर पर इस परियोजना को अगामी दो वर्शो मे पूरा किया जा सकता है। मूझे वि वास है, भारत सरकार के अनुग्रह और उस द्वारा ली गई सक्रिय रूचि से तथा हाल ही मे पंजाब

सरकार तथा परियोजना–प्रधिकारियों द्वारा रूचि लेने से सम्भव है कि हम इसे लक्ष्य–तिथी से भी पहले पूरा कर लें।

हरियाणा सिंचाई परियोजना चरण II वि व बैंक की सहायता से अप्रैल, 1983 मे भुरू किया गया था जिस मे नहरों के 25 करोड़ वर्ग फुट को पक्का काने की मन ा थी। इस परियोजना के मार्च 1988 तक पूरा होने की सम्भावना हैं। 31 मार्च 1984 तक नहरों के लगभग 8.6 करोड़ वर्गफुट को पक्का करने का काम पूरा हो गया है। वर्श 1985–86 के दोरान इस परियोजना के लिए 26 करोड़ रूपए का परिव्यय है।

वर्श 1983–84 मे हरियाणा मे फिरप से बाढों ने तबाही मचा दी थी। बाढ नियंत्रण तथा जल–निकास के लिए एक मुख्य योजना पहले ही निश्पादित की जा रही है। अक तक राज्या मे 18 लाख हैक्टेयर के बाढ–सम्भावी क्षेत्र मे से 15 लाख हैक्टेयर क्षेत्र को बाढों से सुरिक्षित कर दिया गया हैं। वर्श 1985–86 के दौरन बाढ़ नियंत्रण तथा जल–निकास स्कीमो के लिए 14 करोड़ रूपए की रा ि ा के लिए उपबन्ध किए जाने का प्रस्ताव है।

बिजली

बिजली आधुनिक समाज का जीवनधार है और किसी भी सार्थक आर्थिक विकास के लिए अपेक्षित मूलभूत ढांचे का काम देती हैं। राज्य सरकार इस क्षेत्र मे निधियो के अधिक निवे ा तथा कु ाल प्रबन्ध व्यवस्था–इन दोनो को ही सर्वोच्च प्राथमिकता

देती है। किए गए प्रयासों के फलस्वरूप ताप–यूनिटोमे बिजली उत्पादन मे पहले ही उत्पादन मे पहले ही उल्लेखनीय सुधार हुआ हैं। पारपेशण और वितरण–प्रणाली को सुप्रवाही बनाया जा रहा है और निर्माणधीन परियोजनाओं के समय पर चालू होने के परिवीक्षण के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे है। वर्श 1985–86 मे बिजली के क्षेत्र के लिए 150 करोड़ रूपए के परिव्यय की व्यवस्था की जा रही है पानीपत ताप विधुत संयन्त्र यूनिट 3 तथा 4 को आगामी वर्श के दौरान चालू किए जाने की सम्भावना है। जिस से हमारी ताप विधुत क्षमता 220 मैगावाट बढ जायेगी। इसके अतिरिक्त पि चम यमुना नहर परियोजना के 8 मैगावाट प्रत्येक वाले दो यूनिटो को आगामी वर्श मे चालू करने को लक्ष्य है। यमुनानगर ताप विधुत परियोजना पर कार्य गति के आगामी वर्श मे तेज हो जाने की सम्भावना है। ताप तथा पन–बिजली–स्त्रोतों का उपयोग करने के लिए अतिरिक्त, राज्य सरकार, हरियणा मे एक परमाणू–बिजली–संयन्त्र की सीापना करने के लिए भी भारत सरकार से एक प्रस्ताव की पैरवी कर रही है।

कृशि

हमारे योजनाबद्व विकास मे कृशि का सीान अब भी प्राथमिक्ता क्षेत्र का है। चालू वर्श के दौरान 71 लाख टन की संभावित उपलब्धि के मुकाबले मे खाधान्नो आगामी वर्श के लिए के लिए गन्ने का लक्ष्य 7.65 लाख अन और कपास का लक्ष्य 8 लाख गाठें नियत किया जा रहा है। वर्श 1985–86 के लिए कृशि

तथा वनो पर योजना परिव्यय के 28 करोड़ रूपए से अधिक हो जाने की संभावनां है। अगामी वित्त वर्श के दोरान, 2500 बायोगेस संयन्त्रो के लगाया जाने का प्रस्ताव है। लगभग 12 करोड़ रूपये के परिव्यय की व्यवस्था समेकित ग्रामीण विकास कार्य{म के लिए की जा रही हैं इससे गरीब की रेखा से नीचे वाले 85700 परिवरो को सहायता प्रापत हो मरूभूमि तथा सूखा–संभावी–क्षेत्र–विकास कार्य{म के लिए 4.89 करोड़ रूपये के उपल्ब्ध का प्रस्ताव है। मेवाल क्षेत्र के सधन तथा चौमुखी विकास के लिए 2.5 करोड़ के परिव्यय का प्रस्ताव है।

प ुपालन तथा मछली पालन

खेतिहर समुदाय की आय का बढाने तथा कमजोर वर्गों की स्थिती सुधारने के दृश्टिगत प ुपालन मछली पालन तथा डैरी विकास परियोजनाओं पर दिया जा रहा हैं वर्श 1985–86 के दोरान 40 नए प ु चिकित्सा आशधालयों एक पालिक्लिक खोले जाने का प्रस्ताव है। 30 प ु चिकित्सा औशधालयों हस्पतालों मे बदलने का प्रस्ताव है। गरीब ग्रामवासियों को मछली पालन मे सहायता देने के लिए छः मछली–पालक–विकास–एजेंसिया सीापित कर दी गई मछली उत्पादन के 10000 टन के वर्तमान स्तर के सातवी योजना अवधि के अंत तक दुगूना हो जाने की संभावना है। 20 सुत्री कार्यक्रम के अधीन, वर्श 1985–86 के दोरान 300 मिनी डैरी यूनिटो के खोले

जाने का प्रस्ताव हैं। उपयूक्त स्कीमों पर कुल परिव्यय के 5 करोड रूपये से अधिक हो जाने की संभावना है।

सहकारिताए

कृशि के क्षेत्र मे ऋण तथा अन्य निविश्टो को सुगमता से उपलब्ध करवा कर और उपभोक्ता वस्तुओ की आपूर्ति आदि के द्वारा सहकारी समिमियां गांवो का नक ाा बदलने मे बहुत ही स ाक्त साधन सिद्व हुई है। सहकारी ऋण तथा सेवा–सिमितीयों और हरियाणा राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक द्वारा दिए जाने वाले ऋणो का लक्ष्य 1985–86 के लिए 255 करोड़ रूपये नि चत किया गया है। यह आ ाा की जाती है कि इस वर्श मे विपणन–समितियां 145 करोड़ रूपये का कृशि उत्पाद बेचने मे समर्थ हो सकेगी।

ग्रामीण रोजगार

ग्रामीण क्षेत्रो मे, बेकार श्रमिकों को वि ोशतः बेकारी के मौसम मे रोजगार के अवसर प्रदान करने तथा स्थायी परिस्मपत्तियों का निर्माण करने के लिए राज्य मे राश्ट्रीय गांमीण रोजगार कार्यक्रम लागूं हैं। इस कार्यक्रम के लिये वर्श 1985–86 मे 5.1 करोड़ रूपये उपबन्ध किया गया है। गामीण भूमिहीन रोजगार गारंटी कार्यक्रम के अधीन, रोजगार योजनाओ पर और 4.2 करोड़ रूपये खर्च किए जाने के लिए प्रस्तावित है। इस से वर्श मे 11.46 लाख श्रम–दिन पैदा होगें।

11.00 बजे

उधोग

राज्य सरकार, उधोग को बढावा देने के लिए मूल ढांचे की विकसित करने हेतु निरन्तर प्रयास कर रही हैं। इस प्रयास को अगामी योजना–अवधि के दौरान जारी रखने का प्रस्ताव है। 9.6 करोड़ रूपये का योजनागत परिव्यय वर्श 1985–86 के दोरान उधोग के विकास केलिए प्रस्तावित है। राज्य मे लगाई जा रही बड़ी बड़ी परियोजनाओं मे से करनाल मे 1300 करोड़ रूपयेके पूजिगत परिव्यय से तेल ाोधक कारखाना तथा पंचकूला मे भारत इलैक्ट्रोनिक लिमिटिड द्वारा सीापित की जा रही 21 करोड़ रूपये की दूर–संचार –परियोजना है। हरियाणा मे रेलवे कोच–विनिर्माण फैक्टरी की सीापना का मामला भी काफी आगे बढ चुका है।

ओधोगिक विकास का बढावा देने के विचार से, राज्य सरकार द्वारा हाल ही मे वि ोश प्रोत्साहनो की घोशणा की गई हैं। इसके अतिरिक्त, प्रवर्त्तक, प्रतिश्ठित तथा भात प्रति ात निर्याताान्मुखी यूनिटो के लिए प्रोत्साहन दिए जा रहे है। राज्य सरकार द्वारा स्थापित ओधोगिक सहायता ग्रुप द्वारा किए गये प्रयतनों के परिणामस्वरूप 368 आ ाय–पत्र अनिवासी भारतीयों के पक्ष मे जारी किए जा चुकें हैं।

सड़के

सड़के विकास की धमनियां होती है। हरियाणा में पहले ही दे ा को सवोत्तम सड़क जाल बिछाा हुआ हैं, जो हमारे 98 प्रति ात से भी अधिक गांवो को जोड़ता है। तथापि, सड़कों के जाल को कार्यक्रम सातवी पंचवर्शीय योजना के दौरान भी जारी रखा जाना हैं। वर्श 1985–86 के लिए, सड़क निर्माण हेतु 15.5 करोड़ रूपये का उपबब्ध सड़को की लम्बाई 200 किलोमीटर तक और बढाने के लिए प्रस्तावित है।

ि ाक्षा

